मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-498**
**07/10/2021**

# मुख्यमंत्री ने किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सुपौल, सहरसा, समस्तीपुर जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण, हवाई अड्डे पर की पत्रकारों से बातचीत

पटना, 07 अक्टूबर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सुपौल, सहरसा एवं समस्तीपुर जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार मौजूद रहे।

हवाई सर्वेक्षण से लौटने के पश्चात, पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमने किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सुपौल, सहरसा एवं समस्तीपुर जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का एरियल सर्वे किया है, जिसके बारे में जानकारी मिली थी कि किन–किन जगहों पर फसल क्षति हुई है। आज इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक भी होगी। जिन जगहों का हमने एरियल सर्वे किया है, उसके अलावा जिन–जिन जगहों पर फसल क्षति हुई है वहां की भी रिपोर्ट मांगी गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन इलाकों में वर्षापात के कारण फसल को नुकसान पहुंचा है, वैसी सभी जगहों का भी आंकलन जरूरी है ताकि सभी प्रभावित लोगों को सहायता दी जा सके, हमारा यही उद्देश्य है। सरकार का जो नियम है उसके मुताबिक सभी प्रभावित लोगों को सहायता दी जायेगी।

महागठबंधन में उपचुनाव को लेकर टूट के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका एनालिसिस करना मीडिया का काम है।

******